प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 21.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बीकानेर से लगभग 26 हजार करोड रूपए से ज्यादा लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगें वे देश के 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन करेंगें इनमें राजस्थान के 8 रेल्वे स्टेशन भी शामिल हैं श्री मोदी प्रदेश को कई सौगाते देंगें इनमें बीकानेर मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करना और चुरू–सादुलपुर रेल लाइन की आधारशिला रखना शामिल हैं वे सूरतगढ–फलौदी, फुलेरा–डेगाना, उदयपुर–हिम्मतनगर, फलोदी–जैसलमेर और समदडी–बाडमेर रेल लाइन की विद्युतीकरण परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगें श्री मोदी चार हजार 850 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली सात सड़क परियोजनाओं का भी लोकार्पण करेंगें अक्षय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए वे बीकानेर और नावा में सौर परियोजनाओं सहित बिजली परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगें श्री मोदी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण 25 परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगें वे राज्य में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए राजसमंद, प्रतापगढ़, भीलवाड़ा और धौलपुर में नर्सिंग कॉलेजों का भी उद्घाटन करेंगें प्रधानमंत्री पलाना गांव में जनसभा को संबोधित करेंगें उनकी सभा को देखते हुए विशेष तैयारियां की गई हैं तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज मुख्य सचिव सुधांश पंत और पुलिस महानिदेशक यू आर साहू पंहुचें उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिएं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का भी आज दोपहर बाद बीकानेर पंहुचने का कार्यक्रम हैं

00000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के राजनयिक वैश्विक संपर्क के लिए गठित सात सर्वदलीय शिष्टमंडल में से पहला शिष्टमंडल आज चार देशों के लिए रवाना हुआं शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगों और सियरा लियोन का दौरा करेगां ये बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टोलरेंस नीति के तहत इससे निपटने की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता और दृढसंकल्प को सामने रखेगां

0000

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के शौर्य का जश्न मनाने के लिए प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं इसी कड़ी में आज सवाईमाधोपुर में तिरंगा शौर्य यात्रा निकाली जायेगीं ये यात्रा रेल्वे स्टेशन से शुरू होकर अम्बेडकर सर्किल पर पंहुचेगीं श्रीगंगानगर और भरतपुर के बयाना में भी आज तिरंगा यात्रा निकाली गईं इसका लोगों ने जगह–जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत कियां इससे पहले कल बूंदी में तिरंगा यात्रा निकाली गईं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस यात्रा का शुभारम्भ कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का पराक्रम इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज होगां भीलवाडा में भी तिरंगा रैली निकाली गईं इसमें उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सैन्यकर्मियों ने भाग लियां

00000

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज उन्हें नमन किया जा रहा हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजीव गांधी को उनकी 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की हैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली स्थित राजीव गांधी समाधि स्थल वीरभूमि में श्रद्धा सुमन अर्पित किएं इधर प्रदेश में कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धाजंलि सभा रखी गईं इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द डोटासरा सहित विभिन्न नेताओं ने भाग लियां

00000

मिज़ोरम को भारत का पहला पूर्ण रूप से साक्षर राज्य घोषित किया गया हैं केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस सफलता के लिए मिज़ोरम के लोगों को बधाई दी हैं एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि यह देश के लिए गौरवपूर्ण क्षण हैं ये सरकार और लोगों के सामूहिक प्रयास का ही परिणाम हैं शिक्षा मंत्री ने कहा कि मिज़ोरम की इस सफलता से सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को प्रेरणा मिलेगीं

00000

केन्द्र सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया चैनलों द्वारा चलाए जा रही उस पोस्ट को खारिज कर दिया है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार ने 29 मई से 2 जून के बीच तापमान में 55 डिग्री सेल्सियस तक की संभावित वृद्धि पर हाई अलर्ट जारी किया हैं पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चैक यूनिट ने स्पष्ट किया कि सरकार ने ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की हैं इसके साथ ही नागरिकों को मौसम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट देखने की अपील की गई हैं

00000